Gender Equality Awareness Campaign

लैंगिक समानता वॉल (Gender Equality Wall)

(27-03-2023)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त-सिंधु परिसर देहरा में स्पर्श समिति के द्वारा वॉल मैगजीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परिसर के विभिन्न विभागों से विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिष्ठाता समाज विज्ञान व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर संजीत ठाकुर तथा डॉक्टर कंवर चंद्रदीप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने वॉल मैगजीन के लिए दिए गए अपनी पोस्टर, कविता तथा निबंध के माध्यम से समाज में (gender equality) लैंगिक समानता को प्रतिबिंबित करने का प्रयास कि समाज में महिलाएं पुरुषों के समान सभी क्षेत्रों में निर्णय लेने के लिए सक्षम है। आज आवश्यकता है कि महिलाओं की क्षमता को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाने के लिए निष्पक्ष रुप से समान अवसर प्रदान किए जाएं।

इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ० राजीव , डॉ० अरुंधति ,डॉ० राघवेंद्र यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम की संयोजिका डॉ ज्योति रही।

स्पर्श समिति

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय